# SHRI MURLI MANOHAR TOWN POST GRADUATE COLLEGE, BALLIA

Letter No. Date 03.04.2022

**To Whom It May Concern**

Certified that all the documents attached herewith are verified by me.





Principal

## SRI MURLI MANOHAR TOWN PG COLLEGE, BALLIA

## EXTENSION AND OUTREACH PROGRAMS




**Swacchh Bharat Abhiyan at Railway Station by NCC- 08.12.2018**




**International Yog Day, NCC, 21.06.2023**




**World Environ ment Day by NSS, 05.06.2022**




ROVERS RANGERS UNIVERSITY MEET 22.03.2022




ROVERS RANGERS UNIVERSITY MEET 22.03.2022




**National Voters Day, 25.01.2023- NSS**




**Voters Awareness Rally- 09.09.2021**




**Swacchh Bharat Abhiyan NSS**




**Swachh Bharat Abhiyan  NSS**

# श्री मुरली मनोहर टाउन स्नातकोत्तर महाविद्यालय, बलिया
# राष्ट्रीय सेवा योजना

## हर घर तिरंगा अभियान
## 12 अगस्त 2022

आजादी का अमृत महोत्सव के अंतर्गत हर घर तिरंगा अभियान के दूसरे दिन आज दिनांक 12 अगस्त 2022 को श्री मुरली मनोहर टाउन स्नातकोत्तर महाविद्यालय बलिया के राष्ट्रीय सेवा योजना द्वारा विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया । सर्वप्रथम प्रातः काल झंडारोहण किया गया इस अवसर पर महाविद्यालय के पूर्व प्राचार्य डॉ ओ पी सिंह राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी डॉ अनिल कुमार और महाविद्यालय के शिक्षक एवं कर्मचारी तथा छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे। तत्पश्चात प्रातः 9:00 बजे महाविद्यालय परिसर में वृक्षारोपण कार्यक्रम संपन्न किया गया । इस कार्यक्रम में बड़ी संख्या में स्वयंसेवक एवं सेविकाओं ने हिस्सा लिया। पुनः महाविद्यालय परिसर से तिरंगा झांकी निकाली गई । इस झांकी में महाविद्यालय के पूर्व प्राचार्य डॉ ओ पी सिंह, कृषि संकाय के डॉ अशोक सिंह एवं डॉ बृजेश सिंह एवं बड़ी संख्या में छात्र छात्राओं ने हिस्सा लिया यह झांकी महाविद्यालय परिसर से देशभक्ति के नारे लगाते हुए विभिन्न हिस्सों से गुजरते हुए पुनः महाविद्यालय परिसर मैं लौट आई। अंत में एक सांस्कृतिक गोष्ठी का आयोजन किया गया । इस गोष्ठी में स्वयं सेवकों एवं सेविकाओं ने देश भक्ति गीत और कविता प्रस्तुत किए। उपस्थित विद्वत जनों द्वारा हर घर तिरंगा अभियान और आजादी के अमृत महोत्सव कार्यक्रम की महत्ता को समझाते हुए देश प्रेम और देश सेवा के मूल्यों पर प्रकाश डाला गया। कार्यक्रम का संचालन कार्यक्रम अधिकारी डॉक्टर अनिल कुमार ने किया इस अवसर पर अन्य कार्यक्रम अधिकारी एवं महाविद्यालय शिक्षक एवं कर्मचारी उपस्थित रहे । धन्यवाद


राष्ट्रीय सेवा योजना


आज़ादी
अमृत महोत्सव


राष्ट्रीय सेवा योजना



# श्री मुरली मनोहर टाउन स्नातकोत्तर महाविद्यालय, बलिया
## राष्ट्रीय सेवा योजना

## राष्ट्रपिता महात्मा गांधी और देश के दूसरे प्रधानमंत्री भारत रत्न लाल बहादुर शास्त्री जी की जयंती

## 2 अक्टूबर 2022

आज 2 अक्टूबर 2022 को श्री मुरली मनोहर टाउन स्नातकोत्तर महाविद्यालय परिसर में बहुत ही हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। प्रातः 9:00 बजे टाउन डिग्री कॉलेज के प्रबंध समिति के सचिव श्री सुधीर कुमार श्रीवास्तव द्वारा झंडोत्तोलन किया गया। वहां उपस्थित एनसीसी के कैडेटों ने झंडे को सलामी दी और उपस्थित जनों द्वारा राष्ट्रगान गाया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राचार्य, एनसीसी ऑफिसर राष्ट्रीय सेवा योजना एवं रोवर रेंजर के अधिकारी शिक्षक एवं कर्मचारी गण उपस्थित रहे। इसके पश्चात महाविद्यालय के डॉ राजेंद्र प्रसाद सभागार में एक सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। सभागार में महाविद्यालय के प्राचार्य प्रोफेसर रविंद्र नाथ मिश्र पूर्व प्राचार्य डॉक्टर ओपी सिंह राष्ट्रीय सेवा योजना के विश्वविद्यालय समन्वयक डॉक्टर साहब दुबे, एनसीसी के अधिकारी एवं उपस्थित शिक्षक गण कर्मचारी गण ने गांधीजी और शास्त्री जी के चित्र पर माल्यार्पण कर दोनों महान विभूतियों को नमन किया वहां उपस्थित शिक्षक गण कर्मचारी गण एवं छात्र छात्राओं ने दोनों महापुरुषों के चित्र पर पुष्प चढ़ाकर उन्हें याद किया। कार्यक्रम के आरंभ में महाविद्यालय के संगीत विभाग के डॉक्टर अरविंद उपाध्याय, डॉ हेमंत सैनी, श्रीमती ममता जी के नेतृत्व में छात्र छात्राओं ने राम धुन की प्रस्तुति की। साथ ही उन्होंने दे दी हमें आजादी बिना खड़क बिना ढाल साबरमती के संत तूने कर दिया कमाल गीत की शानदार प्रस्तुति भी की। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता हिंदी विभाग के विभागाध्यक्ष डॉक्टर अमल दार निहार ने महात्मा गांधी के दर्शन और जीवन पर अपनी कविताओं के माध्यम से प्रकाश डाला ।उन्होंने गांधी तुझे सलाम कविता के माध्यम से गांधी के पूरे जीवन काल में घटित घटनाओं और उनके तप और त्याग का उल्लेख किया । कार्यक्रम के दूसरे प्रमुख वक्ता कृषि विभाग के विभागाध्यक्ष एवं पूर्व प्राचार्य डॉक्टर ओपी सिंह ने लाल बहादुर शास्त्री के जीवन पर प्रकाश डाला। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि शास्त्री जी उच्च नैतिकता और कर्तव्य परायणता के पर्याय थे। हमें उनके द्वारा दी गई शिक्षाओं को अपने जीवन में उतारना चाहिए तब जाकर एक सुंदर और विकसित भारत का निर्माण संभव होगा। कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि जननायक चंद्रशेखर विश्वविद्यालय के राष्ट्रीय सेवा योजना के समन्वयक डॉक्टर साहब दुबे ने कहा कि हमें दोनों महापुरुषों के बताए रास्ते पर चलना चाहिए और यह तब होगा जब सभी शिक्षित होंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे महाविद्यालय के प्राचार्य प्रोफेसर रविंद्र नाथ मिश्र ने कहा कि दोनों महापुरुषों के जीवन

का जब हम अवलोकन करते हैं तब हमें यह लगता है कि अगर सभी व्यक्ति सिर्फ अपने कर्म के प्रति ईमानदार हो जाए और बिना किसी राग द्वेष के अपना कर्म करे तो यही गांधी और शास्त्री जी के जीवन मूल्यों को अपने जीवन में उतारना होगा। इसके साथ ही उन्होंने उपस्थित जनों को इस अवसर पर शुभकामनाएं दी। कार्यक्रम का संचालन राष्ट्रीय सेवा योजना के वरिष्ठ कार्यक्रम अधिकारी डॉक्टर अनिल कुमार ने किया और अंत में उन्होंने उपस्थित अतिथियों और उपस्थित जनों का धन्यवाद ज्ञापन किया। इस अवसर पर अन्य कार्यक्रम अधिकारी डॉक्टर विवेक सिंह डॉक्टर अनिल कुमार सिंह डॉ कौशल पांडे एनसीसी के अधिकारी अखिलेश प्रसाद रोवर रेंजर के अधिकारी डॉक्टर संदीप पांडे सुबोध मणि त्रिपाठी एवं महाविद्यालय के शिक्षक गण, कर्मचारी गण एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे। कार्यक्रम अधिकारी राष्ट्रीय सेवा योजना








# श्री मुरली मनोहर टाउन स्नातकोत्तर महाविद्यालय, बलिया
## राष्ट्रीय सेवा योजना

### फाइलेरिया मुक्ति अभियान
### 4 फरवरी 2023

आज दिनांक 04/02/2023 को श्री मु. म. टाउन स्नातकोत्तर महाविद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवक एवम् स्वयंसेविकाओ के लिए फाइलेरिया मुक्ति अभियान के अन्तर्गत एक जागरूकता कार्यक्रम महाविद्यालय के राजेन्द्र प्रसाद सभागार में आयोजित किया गया। उक्त कार्यक्रम के मुख्य वक्ता थे जिला मलेरिया अधिकारी सुनील कमार यादव तथा जिला संयोजक संजय सिंह। कार्यक्रम में स्वयंसेवक एवम स्वयंसेविकाओं को फाइलेरिया के लक्षण एवम् बचाव के बारे मे विस्तृत जानकरी दी गयी। कार्यक्रम का संचालन वरिष्ठ कार्यक्रम अधिकारी डा अनिल कुमार सिंह ने किया। उक्त कार्यक्रम मे डा राजीव शुक्ला, डा सुचेता प्रकाश, डा प्रदीप कुमार गुप्ता, डा विपिन कुमार, डा प्रशान्त सिंह, डा वृज किशोर एवम् डा अक्षय कुमार आदि उपस्थित थे।






# श्रीमुरलीमनोहरटाउनस्नातकोत्तरमहाविद्यालय , बलिया
# राष्ट्रीयसेवायोजना

## स्वयंसेविकाओकोआत्मरक्षाहेतुप्रशिक्षणकार्यक्रम

**13 फरवरी 2023**

**आजदिनांक 13/02/2023 कोश्रीमु. म. टाउन स्नातकोत्तर महाविद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेविकाओ को आत्मरक्षा हेतु प्रशिक्षण कर्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम काशुभारंभ महाविद्यालय के प्राचार्य महोदय एव निशा राघव ने स्वयंसेविकाओ को आत्मरक्षा के महत्व पर प्रकाश डालते हुए किया ।आत्मरक्षा प्रशिक्षण  निक्की यादव करार्टे ब्लैकबेल्ट द्वारा। कार्यक्रम का आयोजन रासेयो के कार्यक्रम अधिकारी डाअ निलकुमार  सिंह,  डा शिवनारायण यादव,  डारा जीव शुक्ला एव कौशल पान्डे य द्वारा किया गया।**






# श्री मुरली मनोहर टाउन स्नातकोत्तर महाविद्यालय, बलिया
# राष्ट्रीय सेवा योजना

## राष्ट्रीय सेवा योजना के 54वें स्थापना दिवस

आज राष्ट्रीय सेवा योजना के 54वें स्थापना दिवस के अवसर पर श्री मुरली मनोहर टाउन स्नातकोत्तर महाविद्यालय के डॉक्टर राजेंद्र प्रसाद सभागार में एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय के प्राचार्य प्रोफ़ेसर रविंद्र नाथ मिस्र ने किया। उन्होंने मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण कर कार्यक्रम की औपचारिक शुरुआत की। अपने संबोधन में उन्होंने राष्ट्रीय सेवा योजना के ऐतिहासिक विकास क्रम और छात्र-छात्राओं के जीवन में इसके महत्व पर प्रकाश डाला। आज के कार्यक्रम के मुख्य वक्ता डॉ अशोक सिंह ने महाविद्यालय के राष्ट्रीय सेवा योजना के गौरवशाली इतिहास को दोहराया और वर्तमान में राष्ट्रीय सेवा योजना द्वारा किए जा रहे कार्यक्रमों की सराहना की। वरिष्ठ कार्यक्रम अधिकारी डॉक्टर अनिल कुमार ने राष्ट्रीय सेवा योजना के महत्व और छात्र-छात्राओं के व्यक्तित्व के विकास में इसकी भूमिका पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम अधिकारी डॉ विवेक सिंह ने इस अवसर पर छात्रों को मानसिक स्वास्थ्य बनाए रखने हेतु योग करने और जीवन में सहकार बनाए रखने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम अधिकारी डॉक्टर अनिल कुमार सिंह ने छात्र छात्राओं को NSS से जुड़ने और राष्ट्र निर्माण में अपनी भूमिका निभाने हेतु आगे आने का आह्वान किया। इस अवसर पर डॉ जेपी सिंह डॉ कौशल पांडे अमित सिन्हा उपस्थित रहे। बड़ी संख्या में छात्र छात्राओं ने इस कार्यक्रम में भाग लिया और अपना अनुभव साझा किया।

कार्यक्रम अधिकारी
डॉ अनिल कुमार










## [illegible]

### [illegible]

**12 [illegible] 2023**

[illegible] 12/01/2023 [illegible]


राष्ट्रीय सेवा योजना
राष्ट्रीय युवा दिवस
स्वामी विवेकानन्द जयंती
12 जनवरी
श्री मुरली मनोहर टाउन स्नातकोत्तर महाविद्यालय, बलिया, उत्तर प्रदेश
सम्बद्ध- जननायक चन्द्रशेखर विश्वविद्यालय, बलिया, उ०प्र०







# REPORTS OF EXTENTION WORKS-2021-22

## राष्ट्रीय सेवा योजना द्वारा आयोजित अन्य कार्यक्रम

### विश्व पर्यावरण दिवस दिनांक 5 जून 2021

राष्ट्रीय सेवा योजना श्री मुरली मनोहर टाउन स्नातकोत्तर महाविद्यालय बलिया के तत्वाधान में विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर महाविद्यालय में विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। सर्वप्रथम वृक्षारोपण कार्यक्रम के अन्तर्गत महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ० दिलीप कुमार श्रीवास्तव ने विज्ञान संकाय परिक्षेत्र में आम का पौधा लगाकर कार्यक्रम का आरम्भ किया। विश्वविद्यालय के समन्वयक डॉ० साहेब दूबे, डॉ० बृजेश सिंह, डॉ० धीरेन्द्र कुमार, डॉ० संजीत कुमार सिंह, डॉ० अशोक कुमार सिंह, डॉ० अनिल कुमार, डॉ० विवेक सिंह, डॉ० दयालानन्द राय, डॉ० धर्मेन्द्र सिंह आदि ने एक-एक फलदार वृक्ष लगाकर कार्यक्रम को आगे बढाया। इसके पश्चात कुछ स्वयंसेवको/वयंसेविकाओं ने भी वृक्षारोपण किया उसके पश्चात महाविद्यालय के राजेन्द्र प्रसाद सभागार में विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर एक गोष्ठी का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि प्राचार्य डॉ० दिलीप कुमार श्रीवास्तव ने दीप जलाकर गोष्ठी का शुभारम्भ किया। मुख्य वक्ता डॉ० दयालानन्द राय एवं डॉ० ओम प्रकाश सिंह ने स्वयंसेवक/स्वयंसेविकाओं को वृक्षारोपण के महत्व से अवगत कराया। इसके पश्चात अन्य वक्ताओं एवं स्वयंसेवक/स्वयंसेविकाओं ने अपने विचार व्यक्त किए। डॉ० अनिल कुमार ने कार्यक्रम का संचालन किया एवं डॉ० विवेक सिंह ने आगंतुको के प्रति धन्यवाद ज्ञापित किया। कार्यक्रम सहायक श्री अमित सिनहा ने सम्पूर्ण वृक्षारोपण कार्यक्रम का प्रबन्धन किया।

### विश्व योग दिवस– दिनांक 21 जून 2021

राष्ट्रीय सेवा योजना श्री मुरली मनोहर टाउन स्नातकोत्तर महाविद्यालय, बलिया के तत्वाधान में छठवें अर्न्तराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर भारत सरकार द्वारा जारी कोविड प्रोटोकाल के नियम का अनुपालन करते हुए महाविद्यालय में आनलाइन मोड में योग शिविर का आनलाइन आयोजन किया। कार्यक्रम का शुभ आरम्भ प्राचार्य डॉ० दिलीप कुमार श्रीवास्तव द्वारा गायत्री मंत्र के उद्घोष के साथ किया गया। कार्यक्रमअधिकारी डॉ० विवेक सिंह ने विभिन्न योगासनों के वैज्ञानिक पहलुओं के साथ-साथ जीवन में मिलने वाले लाभों के बारे में भी बताया। अन्य वक्ता प्राचार्य डॉ० दिलीप कुमार श्रीवास्तव ने जीवन में योग के महत्व

CamScanner

पे चर्चा किया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में शिक्षक/कर्मचारी/स्वयंसेवक/स्वयंसेविका उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन डॉ0 अनिल कुमार ने किया।

## वृक्षारोपण कार्यक्रम दिनांक–04 जुलाई 2021

जननायक चन्द्रशेखर विश्वविद्यालय बलिया के निर्देशानुसार राष्ट्रीय सेवा योजना श्री मुरली मनोहर टाउन स्नातकोत्तर महाविद्यालय, बलिया के स्वयंसेवक/स्वयंसेविकाओं द्वारा महाविद्यालय में वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ0 दिलीप कुमार श्रीवास्तव एवं अन्य प्राध्यापकों ने एक–एक पौधा लगा कर इस कार्यक्रम का उद्घाटन किया। महाविद्यालय में स्वयंसेवक/स्वयंसेविकाओं ने पौधे लगाकर पर्यावरण को संरक्षित रखने एवं वातावरण को बेहतर बनाने में अपना योगदान दिया। इस अवसर पर चार सौ वृक्ष लगाये गये। कार्यक्रम डॉ0 अनिल कुमार के निर्देशन में सम्पन्न हुआ। इस अवसर पर अन्य कार्यक्रम अधिकारी डॉ0 संजीत सिंह एवं डॉ0 विवेक सिंह उपस्थित रहे।

## आजादी का अमृत महोत्सव दिनांक–9 अगस्त 2021

शासन की मंशा के अनुरुप आजादी के 75वीं वर्षगांठ पर एक साल के अन्दर आजादी का अमृत महोत्सव पर विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जाना है। इसी क्रम में बलिया जिले के गंगा बहुउद्देशिय सभागार में अमृत महोत्सव कार्यक्रम के अर्न्तगत शासन के सीधा प्रसारण में कार्यक्रम में जिला प्रशासन के निर्देशानुसार राष्ट्रीय सेवा योजना श्री मुरली मनोहर टाउन स्नातकोत्तर महाविद्यालय, बलिया के स्वयंसेवक/स्वयंसेविकाओं द्वारा सहभागिता की गयी। इस अवसर पर डॉ0 अनिल कुमार, डॉ0 संजीत सिंह, श्री अमित सिनहा उपस्थित रहे। कार्यक्रम समापन के पश्चात कार्यक्रम अधिकारियों के नेतृत्व में स्वयंसेवक ६ स्वयंसेविकाओं द्वारा जिला सभागार से एक रैली निकाली गयी। यह रैली आजादी के मुल्यों से युक्त नारा लगाते हुए शहर के विभिन्न भागों से गुजरते हुए पुन महाविद्यालय परिसर में लौट आयी।

## स्वीप के अर्न्तगत मतदाता जागरूकता मंच (VAF) का गठन दिनांक–12 अगस्त 2021

शासन के निर्देशानुसार आगामी विधान सभा चुनाव को ध्यान में रखते हुए महाविद्यालय में स्वीप क्वाडिनेटर डॉ0 अनिल कुमार ने मतदाता जागरुकता मंच के गठन हेतु

एक बैठक की आयोजन किया। इस बैठक में प्राचार्य डॉ0 ओम प्रकाश सिंह, पूर्व प्राचार्य डॉ0 दिलीप कुमार श्रीवास्तव, डॉ0 रामनरेश यादव, डॉ0 दयालानन्द राय, डॉ0 अशोक सिंह, डॉ0 मुनेन्द्र पाल, डॉ0 अनिल कुमार, डॉ0 सुबाष चन्द्र, डॉ0 राम तिरथ, डॉ0 विवेक सिंह, डॉ0 संजय त्रिपाठी, डॉ0 ज्ञानेन्द्र सिंह, श्री अमित सिनहा उपस्थित रहे। इस बैठक में सर्वसम्मति से डॉ0 मुनेन्द्र पाल को मतदाता जागरूकता मंच का नोडल अधिकारी बनाया गया और महाविद्यालय में मतदाता जागरूकता मंच का गठन हुआ। इस मंच का उद्देश्य आगामी विधान सभा चुनाव में मतदाताओं को जागरूक कर मतदान प्रतिशत को बढ़ाना है।

**आजादी के अमृत महोत्सव पर फ्रीडम रन का आयोजन दिनांक 14 अगस्त 2021**

शासन के निर्देशानुसार आजादी के अमृत महोत्सव के उपलक्ष्य में राष्ट्रीय सेवा योजना श्री मुरली मनोहर टाउन स्नातकोत्तर महाविद्यालय बलिया द्वारा एक विशाल जन जागरण रैली का आयोजन महाविद्यालय परिसर से किया गया। इस रैली में स्वयंसेवक/स्वयंसेविकाओं ने काफी संख्या में प्रतिभाग किया। रैली की शुरूआत प्राचार्य डॉ0 ओम प्रकाश सिंह ने हरी झंडी दिखा कर किया। रैली महाविद्यालय से निकल कर कुँवर सिंह चौराहा, पुलिस लाइन, एन. सी.सी. तिराहा, मिट्टी चौराहा होते हुए महाविद्यालय के मैदान में समाप्त हुई। इस अवसर पर डॉ0 अनिल कुमार, डॉ0 विवेक सिंह, डॉ0 संजीत सिंह एवं अन्य शिक्षक एवच कर्मचारीगण तथा श्री अमित सिनहा उपस्थित रहे।

**मिशन शक्ति एवं स्वीप के अन्तर्गत रैली एवं मतदाता जागरूकता कार्यशाला का आयोजन दिनांक–21 अगस्त 2021**

राष्ट्रीय सेवा योजना श्री मुरली मनोहर टाउन स्नातकोत्तर महाविद्यालय बलिया द्वारा मिशन शक्ति के अन्तर्गत एक रैली का आयोजन किया गया। प्राचार्य डॉ0 ओम प्रकाश सिंह एवं स्विप क्वार्डिनेटर डॉ0 अनिल कुमार ने हरी झंडी दिखाकर किया यह रैली महाविद्यालय प्रांगण से प्रारम्भ होकर कुँवर सिंह, पुलिस लाइन्स, एन0सी0सी तिराहा, मिठ्ठी चौराहा होते हुए कालेज प्रांगण में समाप्त हुई। यह रैली नारी सुरक्षा, सम्मान एवं स्वावलंबन के उद्देश्य के पूर्ति के लिए जनजागरण हेतु की गयी थी। इस अवसर पर डॉ0 सुचेता प्रकाश, डॉ0 निशा राघव, डॉ0 निशा सोनी, डॉ0 अनिल कुमार, डॉ0 विवेक सिंह, डॉ0 अनिल सिंह ड कौशल पाण्डेय श्री अमित सिनहा उपस्थित रहे।

CamScanner

मिशन शक्ति के अन्तर्गत गोष्ठी एवं स्वास्थ्य सम्बन्धी चर्चा का आयोजन दिनांक–28 अगस्त 2021

राष्ट्रीय सेवा योजना श्री मुरली मनोहर टाउन स्नातकोत्तर महाविद्यालय बलिया के तत्वाधान में महाविद्यालय के राजेन्द्र प्रसाद सभागार में महिला सुरक्षा, सम्मान एवं स्वावलंबन विषय एक संगोष्ठी का आयोजन किया गया। जिसमें पर स्वयंसेवक/ स्वयंसेविकाओं ने काफी संख्या में प्रतिभाग किया। कार्यक्रम का उद्घाटन प्राचार्य डॉ0 ओम प्रकाश सिंह ने माँ सरस्वती के तैल चित्र पर माल्यार्पण किया। अपने सम्बोधन में प्राचार्य ने महिला सशक्तिकरण के उद्देश्यों पर प्रकाश डाला। पूर्व प्राचार्य डॉ0 दिलीप कुमार श्रीवास्तव ने अपने संबोधन में बताया की हमें महिलाओं को सशक्त एवं स्वावलंबी बनाने में अपना योगदान करना है। इस अवसर पर डॉ0 वृजेश सिंह, डॉ0 धर्मेन्द्र सिंह, डॉ0 अशोक सिंह, डॉ0 जैनेन्द्र पाण्डेय ने इस विषय पर अपने विचार रखे। जिला अस्पताल के चिकित्सक डॉ0 ए0के0 स्वर्णकार के नेतृत्व में आयी हुयी टीम ने महिला स्वास्थ्य समस्याओं पर केन्द्रित एक व्याख्यान प्रस्तुत किया और छात्राओं को स्वास्थ्य सम्बन्धी महत्वपूर्ण जानकारियां प्रदान किया। कार्यक्रम का संचालन डॉ0 अनिल कुमार ने एवं धन्यवाद ज्ञापन डॉ0 अनिल सिंह ने किया। स्वयंसेविका शिवानी मिश्रा, अनीशा सिंह, सोनम वर्मा ने महिलाओं पर केन्द्रित कविता पाठ किया और समाज में महिलाओं को सशक्त करने का आहवान किया।

अमृत महोत्सव के अनुक्रम में फ्रीडम रन कार्यक्रम 4 सितम्बर 2021

अंशुमाली शर्मा के निर्देशानुसार अमृत महोत्सव कार्यक्रम के अन्तर्गत राष्ट्रीय सेवा योजना श्री मुरली मनोहर टाउन स्नातकोत्तर महाविद्यालय, बलिया के स्वयंसेवक/स्वयंसेविकाओं द्वारा फ्रीडम रन कार्यक्रम का आयोजन दिनांक 4 सितम्बर 2021 को किया गया। इस दौड़ का उद्घाटन प्राचार्य डॉ0 ओम प्रकाश सिंह एवं रिंवप क्वाडिनेटर डॉ0 अनिल कुमार ने हरी झंडी दिखाकर किया। यह दौड़ महाविद्यालय प्रांगण से प्रारम्भ होकर कुँवर सिंह, पुलिस लाइन्स, एन0सी0सी0 तिराहा, मिढ्ढी चौराहा होते हुए कालेज प्रांगण में समाप्त हुई। इस अवसर पर डॉ0 अनिल कुमार, डॉ0 विवेक सिंह, श्री अमित सिनहा एवं अन्य शिक्षक /कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

CamScanner

## मतदाता जागरूकता कार्यक्रम 09 सितम्बर 2021

शासन के निर्देशानुसार स्वीप के अन्तर्गत एक वृहद कार्यक्रम का आयोजन राष्ट्रीय सेवा योजना श्री मुरली मनोहर टाउन स्नातकोत्तर महाविद्यालय बलिया द्वारा महाविद्यालय के डॉ0 राजेन्द्र प्रसाद सभागार में किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य लोगों में मतदान के प्रति जागरूकता बढ़ाना था। इसके लिए पूर्व निर्मित मतदाता जागरूकता फोरम के अर्न्तगत 35 मतदाता जागरूकता क्लब बनाया गया। इस क्लब का कार्य लोगों के बीच जाकर लोगों में जागरूकता फैलाना है। साथ ही परिसर में एक मतदाता हेल्प डेस्क का गठन किया गया, जो इस दिशा में 24 घंटे कार्य करेगा। कार्यक्रम में बडी संख्या में स्वयंसेवक/स्वयसेविका एवं शिक्षक/कर्मचारी उपस्थित रहे। आज के कार्यक्रम के मुख्य अतिथि शासन के प्रतिनिधि डी0डी0ओ0 बलिया रहे। और अध्यक्षता प्राचार्य डॉ0 ओम प्रकाश सिंह ने किया इस अवसर पर जिला सूचना अधिकारी बलिया, नेहरू युवा केन्द्र के जिला समन्यवक श्री अतुल शर्मा, राजकीय इण्टर कालेज के प्राध्यापक एवं स्वीप के मेम्बर डॉ0 इफ्तिखार खाँ, विश्वविद्यालय के समन्वयक डॉ0 साहेब दूबे पूर्व प्राचार्य डॉ0 दिलीप कुमार श्रीवास्तव वार्ता कर उन्हें उनके मताधिकार के बारे में बताया इस अवसर पर डॉ0 अनिल कुमार डॉ0 विवेक सिंह, डॉ0 अनिल सिंह डॉ0 कौशल पाण्डेय, प्राचार्य डॉ0 ओम प्रकाश सिंह, स्काउट एवं गाइड के जिला प्रभारी, एन0सी0सी0 के डॉ0 अखिलेश प्रसाद, शिक्षकगण श्री अमित सिनहा उपस्थित रहे।

## स्वीप के अन्तर्गत मतदाता जागरूकता से सम्बन्धित डोर–टू–डोर कार्यक्रम का आयोजन दिनांक 27 अक्टूबर, 2021

स्वीप कार्य योजना के अन्तर्गत श्री मुरली मनोहर टाउन स्नातकोत्तर महाविद्यालय, बलिया में डोर–टू–डोर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसके अन्तर्गत स्काउट के कैडेटों, एन0सी0सी0 के कैडेटों एवं राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवक/सेविकाओं द्वारा संयुक्त रूप से आस–पास के गांव–मुहल्लों में जाकर डोर–टू–डोर जागरूकता फैलाने का काम किया गया। महाविद्यालय परिसर से एक रैली निकाली गयी। रैली को महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ0 ओ0पी0 सिंह, राजकीय इण्टर कालेज, बलिया के प्रधानाचार्य शशि प्रकाश राय एवं स्वीप कोआर्डिनेटर डॉ0 अनिल कुमार ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। रैली में शामिल बच्चे मतदाता जागरूकता से सम्बन्धित नारा लगाते हुए पास के परमन्दापुर गांव पहुंचकर लोगों को जागरूक किया गया। इस अवसर पर एन0सी0सी0 के अधिकारी डॉ0 अखिलेश प्रसाद,

CS CamScanner

स्काउट के प्रभारी डॉ0 राजेश सिंह, डॉ0 निशा राघव एवं राष्ट्रीय सेवा योजना के अधिकारी डॉ0 अनिल सिंह, डॉ0 विवेक सिंह, डॉ0 अनिल कुमार एवं स्वीप कमिटी के सम्मानित सदस्य डॉ0 इफ्तिखार खां आदि मौजूद रहे।

## गणतंत्र दिवस परेड के लिए शिविर का आयोजन दिनांक 28 अक्टूबर, 2021

श्री मुरली मनोहर टाउन स्नातकोत्तर महाविद्यालय, बलिया में राष्ट्रीय सेवा योजना के क्षेत्रीय निदेशालय, लखनऊ द्वारा गुरूवार को आगामी गणतंत्र दिवस परेड में एन0एस0एस0 स्वयंसेवकों के प्रतिभाग हेतु चयन कार्यक्रम जननायक चन्द्रशेखर विश्वविद्यालय के कार्यक्रम समन्वयक डॉ0 साहेब दुबे की उपस्थिति में सम्पन्न हुआ। चयन प्रक्रिया में क्षेत्रीय निदेशालय के सहायक निदेशक डॉ0 राजेश तिवारी, एन0सी0सी0 अधिकारी ले0 अखिलेश प्रसाद व विभिन्न माहविद्यालयों के कार्यक्रम अधिकारी डॉ0 अनिल कुमार, डॉ0 विवेक सिंह, डॉ0 विद्यासागर, डॉ0 अनिल सिंह, डॉ0 विद्यासागर, डॉ0 अनिल सिंह, डॉ0 कृष्ण कुमार सिंह, अमित कुमार सिन्हा आदि मौजूद रहे। चयन प्रक्रिया में महाविद्यालयों के 40 स्वयंसेवकों ने प्रतिभाग किया जिसमें छह प्रतिभागियों का चयन किया गया। चयनित स्वयसंसेवक आगामी गणतंत्र दिवस की परेड में हिस्सा लेने के लिए पटना में आयोजित प्रशिक्षण में भाग लेंगे।

## एकता दिवस सरदार बल्लभ भाई पटेल की जयन्ती दिनांक 31 अक्टूबर 2021

सरदार बल्लभ भाई पटेल की जयन्ती गत वर्ष की भाँति इस वर्ष भी राष्ट्रीय सेवा –योजना श्री मुरली मनोहर टाउन स्नातकोत्तर महाविद्यालय बलिया द्वारा एकता दिवस के रूप में मनायी गयी इस अवसर पर महाविद्यालय के जयप्रकाश सभागार में एक संगोष्ठी का आयोजन किया गया। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ0 ओम प्रकाश सिंह विश्वविद्यालय के समन्वयक डॉ0 साहेब दूबे पूर्व प्राचार्य डॉ0 दिलीप कुमार श्रीवास्तव, डॉ0 जैनेन्द्र पाण्डेय, डॉ0 सिंह ने बल्लभ भाई पटेल के तैल चित्र पर माल्यार्पण कर कार्यक्रम का शुभ आरम्भ किया। वक्ताओं ने पटेल जी के रियासतों के एकीकरण के लिए किए गये उनके कार्यों पर प्रकाश डाला। इस अवसर पर एक शपथ भी प्राचार्य द्वारा स्वयंसेवक/स्वयंसेविकाओं को दिलायी गयी कार्यक्रम का संचालन डॉ0 अनिल सिंह ने किया एवं धन्यवाद ज्ञापन डॉ0 अनिल कुमार ने किया। इस अवसर पर डॉ0 अनिल कुमार, डॉ0 विवेक सिंह, डॉ0 अनिल सिंह, श्री अमित सिनहा बड़ी संख्या में शिक्षकगण एवं कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

CamScanner

## मतदाता पंजीकरण कार्यक्रम दिनांक-01 नवम्बर 2021

शासन के निर्देशानुसार स्वीप के अर्न्तगत राष्ट्रीय सेवा योजना श्री मुरली मनोहर टाउन स्नातकोत्तर महाविद्यालय, बलिया द्वारा संयुक्त रूप से महाविद्यालय के राजेन्द्र प्रसाद सभागार में मतदाता पंजीकरण कार्यक्रम का आयोजन दिनांक 01 नवम्बर 2021 को किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जिलाधिकारी अदिती सिंह बलिया ने दीप प्रज्जलन कर कार्यक्रम का उद्घाटन किया तत्पश्चात उन्होंने छात्रछात्राओं को अपने सम्बोधन में कहा कि युवा ही देश का भविष्य है, और लोकतंत्र को जीवंत बनाये रखने के लिए उन्हे अपना योगदान देना चाहिए। साथ ही उन्होने आगामी विधान सभा चुनाव में बड़ी संख्या में घरो से निकलकर मतदान करने की अपील की। जिला प्रशासन से आये हुए विभिन्न अतिथियों ने छात्र & छात्राओं को सम्बोधित किया, और युवाओं को मतदान प्रक्रिया में सहयोग करने को कहा जिला प्रशासन से निर्वाचन विभाग से आये हुए अधिकारी तथा कर्मचारी एवं बी0एल0ओ0 ने विभिन्न काउन्टर से मतदाता सूची में नये नाम जोड़ने के लिए रजिस्ट्रेशन का काम किया। शहर से आये हुए अनेक व्यक्तियों एवं छात्रछात्राओं ने जो मतदान की अर्हता रखते है, परन्तु मतदाता सूची में पंजी—त नही थे। उन्होनें अपना रजिस्ट्रेशन कराया, इस कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राचार्य डॉ0 ओम प्रकाश सिंह ने किया, उन्होने बुकें देकर मुख्य अतिथि जिलाधिकारी महोदया एवं अन्य अतिथियों को सम्मानित किया. अपनी अध्यक्षीय उद्बोधन में उन्होने छात्रों को आगामी चुनाव में अपना योगदान देने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम में 18 वर्ष के आयु प्राप्त कर चुके नये मतदाताओं को फार्म वितरित किया गया। ताकि उनका मतदाता पहचान पत्र बनाया जा सकें। इस अवसर पर डॉ0 ओम प्रकाश सिंह विश्वविद्यालय के समन्वयक डॉ0 साहेब दूबे पूर्व प्राचार्य डॉ0 दिलीप कुमार श्रीवास्तव, डॉ0 जैनेन्द्र पाण्डेय, डॉ0 अशोक सिंह एवं अन्य प्राध्यापकगण/कर्मचारीगण उपस्थित रहें। स्वीप क्वाडिनेटर डॉ0 अनिल कुमार के नेतृत्व में यह कार्यक्रम सम्पन्न हुआ।

## टीकाकरण अभियान दिनांक 16 नवम्बर 2021

शासन के निर्देशानुसार जिला चिकित्सालय बलिया एवं राष्ट्रीय सेवा योजना श्री मुरली मनोहर टाउन स्नातकोत्तर महाविद्यालय, बलिया द्वारा संयुक्त रूप से महाविद्यालय के जयप्रकाश सभागार में टीकाकरण अभियान की शुरुआत दिनांक 16 नवम्बर 2021 को की गयी। इसमें मुख्य रूप से कोविड से बचाव हेतु महाविद्यालय के छात्रछात्राओं को टीका

CamScanner

लगाया गया। इस अवसर पर डॉ0 ओम प्रकाश सिंह विश्वविद्यालय के समन्वयक डॉ0 साहेब दूबे पूर्व प्राचार्य डॉ0 दिलीप कुमार श्रीवास्तव, डॉ0 जैनेन्द्र पाण्डेय, डॉ0 अशोक सिंह, डॉ0 अनिल कुमार, डॉ0 विवेक सिंह, डॉ0 अनिल सिंह डॉ0 कौशल पाण्डेय, श्री अमित सिन्हा उपस्थित रहे।

## संविधान दिवस दिनांक 26 नवम्बर 2021

राष्ट्रीय सेवा योजना श्री मुरली मनोहर टाउन स्नातकोत्तर महाविद्यालय, बलिया के तत्वाधान में महाविद्यालय के राजेन्द्र प्रसाद सभागार में संविधान दिवस के शुभ अवसर पर एक संगोष्ठी का आयोजन किया गया। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ0 ओम प्रकाश सिंह विश्वविद्यालय के समन्वयक डॉ0 साहेब दूबे पूर्व प्राचार्य डॉ0 दिलीप कुमार श्रीवास्तव, डॉ0 जैनेन्द्र पाण्डेय, डॉ0 अशोक सिंह ने माँ सरस्वती के तैल चित्र पर मार्ल्यापण कर किया। वक्ताओं ने भारत के संविधान के प्रति स्वयंसेवक/स्वयंसेविकाओं को शपथ दिलायी साथ ही भारत के संविधान के महानता एवं उसके गुणों से लोगों को अवगत कराया। इस अवसर पर डॉ0 ओम प्रकाश सिंह विश्वविद्यालय के समन्वयक डॉ0 साहेब दूबे पूर्व प्राचार्य डॉ0 दिलीप कुमार श्रीवास्तव, डॉ0 जैनेन्द्र पाण्डेय, डॉ0 अशोक सिंह, डॉ0 अनिल कुमार, डॉ0 विवेक सिंह, डॉ0 अनिल सिंह डॉ0 कौशल पाण्डेय, श्री अमित सिनहा उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन डॉ0 अनिल कुमार ने किया एवं धन्यवाद ज्ञापन डॉ0 अनिल सिंह ने किया।

## कोविड–19 (आर0टी0पी0सी0आर0) जाँच शिविर दिनांक 30 नवम्बर 2021

शासन के निर्देशानुसार जिला चिकित्सालय बलिया एवं राष्ट्रीय सेवा योजना श्री मुरली मनोहर टाउन स्नातकोत्तर महाविद्यालय, बलिया द्वारा संयुक्त रूप से महाविद्यालय को के जयप्रकाश सभागार में कोविड 19 (आर0टी0पी0सी0आर0) जाँच शिविर का आयोजन दिनांक 30 नवम्बर 2021 किया गया। इसमें महाविद्यालय के स्वयंसेवक/ स्वयंसेविकाओं की कोविड 19 की जाँच की गयी। कार्यक्रम का उद्घाटन महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ0 ओम प्रकाश सिंह विश्वविद्यालय के समन्वयक डॉ0 साहेब दूबे पूर्व प्राचार्य डॉ0 दिलीप कुमार श्रीवास्तव द्वारा किया गया। अवसर पर डॉ0 ओम प्रकाश सिंह विश्वविद्यालय के समन्वयक डॉ0 साहेब दूबे पूर्व प्राचार्य डॉ0 दिलीप कुमार श्रीवास्तव, डॉ0 जैनेन्द्र पाण्डेय, डॉ0 अशोक सिंह, डॉ0 अनिल कुमार, डॉ0 विवेक सिंह, डॉ0 अनिल सिंह डॉ0 कौशल पाण्डेय, श्री अमित

CamScanner

सिनहा उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन डॉ0 अनिल कुमार ने किया एवं धन्यवाद ज्ञापन डॉ0 अनिल सिंह ने किया।

## मानवाधिकार दिवस दिनांक 10 दिसम्बर 2021

मानवाधिकार दिवस के अवसर पर राष्ट्रीय सेवा योजना श्री मुरली मनोहर टाउन स्नातकोत्तर महाविद्यालय, बलिया द्वारा एक संगोष्ठी का आयोजन राजेन्द्र प्रसाद सभागार में किया गया। कार्यक्रम का शुभ आरम्भ प्राचार्य डॉ0 ओम प्रकाश सिंह ने दीप प्रज्जवलित कर किया प्रवक्ताओं ने मानवाधिकार पर अपने–अपने विचार व्यक्त किये इस अवसर पर विश्वविद्यालय के समन्वयक डॉ0 साहेब दूबे पूर्व प्राचार्य डॉ0 दिलीप कुमार श्रीवास्तव, डॉ0 अशोक सिंह, डॉ0 अनिल कुमार, डॉ0 विवेक सिंह, डॉ0 अनिल सिंह डॉ0 कौशल पाण्डेय श्री अमित सिनहा उपस्थित रहे।

## मतदाता जागरूकता रैली दिनांक 11 दिसम्बर 2021

राष्ट्रीय सेवा योजना श्री मुरली मनोहर टाउन स्नातकोत्तर महाविद्यालय बलिया द्वारा मतदाता जागरूकता एक रैली का आयोजन किया गया। प्राचार्य डॉ0 ओम प्रकाश सिंह एवं स्विप क्वाडिनेटर डॉ0 अनिल कुमार ने हरी झंडी दिखाकर किया। यह रैली महाविद्यालय प्रांगण से प्रारम्भ होकर कुँवर सिंह, पुलिस लाइन्स, एन0सी0सी0 तिराहा, मिडडी चौराहा होते हुए कालेज प्रांगण में समाप्त हुई। इस रैली में स्वयंसेवक/स्वयंसेविका मतदान लोकतंत्र का महापर्व मतदान हमारा जन्म सिद्ध अधिकार के नारे लगाकर पूरे रैली को गुंजमान किया, इस अवसर पर डॉ0 अनिल कुमार, डॉ0 विवेक सिंह, डॉ0 अनिल सिंह डॉ0 कौशल पाण्डेय, श्री अमित सिनहा उपस्थित रहे।

## अमृत महोत्सव के अन्तर्गत स्वतंत्रता सेनानियों की मूर्ति की सफाई दिनांक 20 दिसम्बर 2021

अमृत महोत्सव के अन्तर्गत दिनांक 20.12.2021 को महाविद्यालय के राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवक/सेविकाओं द्वारा शहीद चित्तू पाण्डेय एवं टी0डी0 कालेज चौराहे पर स्थापित स्वतंत्रता सेनानी की मूर्ति की साफ–सफाई की गयी। स्वंयसेवकों ने वहाँ लगे पोस्टरों को हटाया और वहाँ पर अच्छे से साफ–सफाई कर मूर्ति पर माल्यार्पण किया।

CamScanner

तत्पश्चात स्वयंसेवक/सेविकायें बलिया रेलवे स्टेशन की साफ–सफाई किये। इस अवसर पर डॉ0 अनिल कुमार, डॉ0 विवेक सिंह, डॉ0 अनिल सिंह डॉ0 कौशल पाण्डेय, श्री अमित सिनहा उपस्थित रहे।

## दीप उत्सव कार्यक्रम दिनांक 22 दिसम्बर 2021

राष्ट्रीय सेवा योजना श्री मुरली मनोहर टाउन स्नातकोत्तर महाविद्यालय, बलिया द्वारा जननायक चन्द्रशेखर विश्वविद्यालय, बलिया के स्थापना दिवस के शुभ अवसर पर एक दीप उत्सव कार्यक्रम का आयोजन विश्वविद्यालय में किया गया। इस कार्यक्रम में स्वयंसेवक/स्वयंसेविकाओं ने पूरे विश्वविद्यालय परिसर में दीप प्रज्जवलित किया पूरा विश्वविद्यालय परिसर दीपों के अनुपम छटा से शोभायमान हो रहा था। इस अवसर पर माननीय कुलपति प्रो0 कल्पलता पाण्डेय ने राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्य को काफी सराहा एवं शुभकामनाएँ प्रदान किया। विश्वविद्यालय के समन्यवक डॉ0 साहेब दूबे ने विश्वविद्यालय के विभिन्न कार्यक्रमों में राष्ट्रीय सेवा योजना के योगदानों पर प्रकाश डालते हुए स्वयंसेवक/स्वयंसेविकाओं को बधाई दिया इस अवसर पर विश्वविद्यालय के मुख्य शास्ता डॉ0 अरविन्द नेत्र पाण्डेय एवं जनपद के विभिन्न महाविद्यालयों से आये हुए शिक्षकगण उपस्थित रहे कार्यक्रम को कार्यक्रम अधिकारी डॉ0 अनिल कुमार एवं अन्य कार्यक्रम अधिकारियों के नेतृत्व में सम्पन्न किया गया।

## राष्ट्रीय युवा दिवस–कोविड टीकाकरण अभियान दिनांक 12 जनवरी 2022

राष्ट्रीय युवा दिवस के अवसर पर महाविद्यालय में स्वामी विवेकानन्द जी के ऊपर एक गोष्ठी का आयोजन किया गया। सर्वप्रथम स्वमी विवेकानन्द जी के चित्र पर माल्यार्पण कर कार्यक्रम की शुरूआत की गयी। वक्ताओं ने स्वामी विवेकानन्द के व्यक्तित्व और त्याग पर विस्तार से प्रकाश डाला। बड़ी संख्या में स्वयंसेवक/सेविकायें एवं शिक्षक तथा कर्मचारीगण ने इसमें भाग लिया। इस अवसर पर जिला चिकित्सालय बलिया एवं राष्ट्रीय सेवा योजना श्री मुरली मनोहर टाउन स्नातकोत्तर महाविद्यालय, बलिया द्वारा संयुक्त रूप से महाविद्यालय के जयप्रकाश सभागार में टीकाकरण अभियान की शुरूआत दिनांक 12 जनवरी 2022 को की गयी। इसमें मुख्य रूप से कोविड से बचाव हेतु महाविद्यालय के छात्र/छात्राओं को टीका लगाया गया। इस अवसर पर डॉ0 ओम प्रकाश सिंह विश्वविद्यालय के समन्वयक डॉ0 साहेब

CamScanner

दूबे पूर्व प्राचार्य डॉ0 दिलीप कुमार श्रीवास्तव, डॉ0 जैनेन्द्र पाण्डेय, डॉ0 अशोक सिंह, डॉ0 अनिल कुमार, डॉ0 विवेक सिंह, डॉ0 अनिल सिंह डॉ0 कौशल पाण्डेय, श्री अमित सिनहा उपस्थित रहे।

## उत्तर प्रदेश स्थापना दिवस दिनांक 24 जनवरी 2022

शासन के निर्देशानुसार जिला प्रशासन बलिया एवं राष्ट्रीय सेवा योजना श्री मुरली मनोहर टाउन स्नातकोत्तर महाविद्यालय, बलिया द्वारा संयुक्त रूप से महाविद्यालय के राजेन्द्र प्रसाद सभागार में दिनाक 24 जनवरी 2022 को उत्तर प्रदेश स्थापना दिवस के अवसर पर एक रंगा रंग कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिले के प्रशासनिक अधिकारी एवं कालेज के प्राचार्य एवं राष्ट्रीय सेवा योजना के अधिकारियों द्वारा माँ सरस्वती के तैल चित्र पर माल्यार्पण कर किया। प्रशासनिक अधिकारियों ने स्वयंसेवक/स्वयंसेविकाओं को उत्तर प्रदेश के स्थापना दिवस के महत्व के बारे मे बताया इस अवसर पर स्वयंसेवक/स्वयंसेविकाओं ने लघु नाटिका, काव्य पाठ गीत एवं भाषण के माध्यम से रंगा रंग कार्यक्रम प्रस्तुत किये। इस अवसर पर डॉ0 ओम प्रकाश सिंह विश्वविद्यालय के समन्वयक डॉ0 साहेब दूबे पूर्व प्राचार्य डॉ0 दिलीप कुमार श्रीवास्तव, डॉ0 जनेन्द्र पाण्डेय, डॉ0 अशोक सिंह, डॉ0 अनिल कुमार, डॉ0 विवेक सिंह, अनिल सिंह डॉ0 कौशल पाण्डेय, श्री अमित सिनहा उपस्थित रहे।

## मतदाता दिवस का आयोजन दिनांक 25 जनवरी 2022

राष्ट्रीय मतदाता दिवस के अवसर पर महाविद्यालय के डॉ0 राजेन्द्र प्रसाद सभागार में राष्ट्रीय सेवा योजना द्वारा एक गोष्ठी का आयोजन किया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ0 ओ0पी0 सिंह ने द्वीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारम्भ किया गया। आये हुए अतिथियों ने लोकतंत्र में मतदान की भूमि का और उसके महत्व पर प्रकाश डाला। बड़ी संख्या में स्वयंसेवक/सेविकाओं ने भी अपने विचार रखे। इस अवसर पर डॉ0 बृजेश सिंह, डॉ0 अशोक सिंह, डॉ0 दिलीप श्रीवास्तव, डॉ0 धर्मेन्द्र सिंह एवं कार्यक्रम अधिकारी डॉ0 अनिल कुमार, डॉ0 विवेक सिंह, डॉ0 अनिल कुमार सिंह एवं डॉ0 कौशल पाण्डेय उपस्थित रहे। इसके बाद एकदिवसीय शिविर का आयोजन किया गया।

CS CamScanner

**एन0वाई0के0 द्वारा आयोजित जिला स्तरीय लोक सांस्कृतिक कार्यक्रम में सहभागिता दिनांक 02 फरवरी 2022**

नेहरू युवा केन्द्र, बलिया द्वारा महाविद्यालय परिसर में आयोजित जिला स्तरीय लोक सांस्कृतिक कार्यक्रम में राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवक और सेविकाओं ने भाग लिया। स्वयंसेविका शिवानी मिश्रा ने कविता पाठ किया। वहीं राहुल वर्मा, अश्विनी सिंह, शिवानी सिंह, विशाल वर्मा, लक्ष्मण वर्मा आदि की टीम ने नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत किया। स्वयंसेवक संजीव कुमार यादव ने क्लासिकल नृत्य प्रस्तुत किया। सभी स्वयंसेवक और सेविकाओं के उत्कृष्ट प्रदर्शन को वहां उपस्थित अतिथियों ने काफी सराहा। नेहरू युवा केन्द्र द्वारा राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवक/सेविकाओं को उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए मेडल और प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर नेहरू युवा केन्द्र के अधिकारी श्री अतुल शर्मा और उसकी टीम के अन्य सदस्य उपस्थित रहे। साथ ही राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी डॉ0 अनिल कुमार, डॉ0 विवेक सिंह, डॉ0 अनिल कुमार सिंह एवं डॉ0 कौशल पाण्डेय ने अपना सक्रिय योगदान दिया।

**रक्तदान शिविर का आयोजन दिनांक 05 मार्च, 2022**

राष्ट्रीय सेवा योजना श्री मुरली मनोहर टाउन स्नातकोत्तर महाविद्यालय, बलिया के द्वारा दिनांक 05.03.2022 को रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। महाविद्यालय के जयप्रकाश सभागार में जिला अस्पताल के ब्लड बैंक के प्रभारी दूबे जी एवं उसकी टीम के सदस्यों द्वारा रक्तदान कार्यक्रम सम्पन्न किया गया। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ0 ओ0पी0 सिंह द्वारा द्वीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का आरम्भ किया गया। इस अवसर पर कार्यक्रम अधिकारी डॉ0 अनिल कुमार, डॉ0 विवेक सिंह, डॉ0 अनिल कुमार सिंह एवं डॉ0 कौशल पाण्डेय ने अपना सक्रिय योगदान दिया। जिला अस्पताल से आयी हुयी चिकित्सकों की टीम ने छात्र/छात्राओं को रक्तदान से सम्बन्धित तथ्यों से अवगत कराया और इसको लेकर उनमें फैली भ्रांतियों को दूर किया। राष्ट्रीय सेवा योजना के 36 स्वयंसेवक/सेविकाओं ने 36 यूनिट रक्तदान किया।

CamScanner

## आजादी का अमृत महोत्सव दिनांक 22 मार्च, 2022

आजादी के अमृत महोत्सव के अंतर्गत टी0डी0 कालेज स्थित राजेन्द्र प्रसाद हाल में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ0 ओ0पी0 सिंह ने माँ सरस्वती के चित्र पर दीप प्रज्वलित करके की। कार्यक्रम का उद्देश्य महाविद्यालय के विद्यार्थियों को स्वतंत्रता सेनानियों के योगदान के सम्बन्ध में जानकारी देना था। साथ ही उत्तर प्रदेश के इतिहास के सम्बन्ध में जानकारी देना था। कार्यक्रम को संचालित करते हुए डॉ0 अनिल कुमार ने बताया कि 22 मार्च को उत्तर प्रदेश का नाम नार्थ वेस्ट प्रोविंस से यूनाइटेड प्रोविसेंसट ऑफ आगरा एण्ड अवध किया गया था। जी0आई0सी0 के अध्यापक डॉ0 इफ्तिखार खान ने अपने चित्रकला के माध्यम से आजादी की लड़ाई में बलिया के योगदान को दिखाने का प्रयास किया। मुख्य वक्ता डॉ0 जैनेन्द्र पाण्डेय ने बलिया के इतिहास विशेषकर स्वतंत्र संग्राम में बलिया की भूमिका पर प्रकाश डाला। राष्ट्रीय सेवा योजना के अम्बुज पाठक और अखिलेश पाठक ने वीर रस कविता का पाठ किया। स्वयंसेविका फरजाना प्रवीण ने चित्रकला के माध्यम से स्वतंत्रता आंदोलन को दिखाने का प्रयास किया।

प्राचार्य
श्री मु०म०टा० स्नात० महाविद्यालय
बलिया

कार्यक्रम अधिकारी
राष्ट्रीय सेवा योजना
श्री मु०म०टा०पी०जी०कालेज
बलिया

CamScanner

विश्व पर्यावरण दिवस - 05.06.21









CamScanner

विश्व योग दिवस 21/06/21












CamScanner

वृक्षारोपण कार्यक्रम - 04.07.21











CamScanner

मतदाता जागरूकता मंच – 12·08·21









CamScanner

फ्रिडम रन 14/08/21












CamScanner

मिशन शक्ति - 21.8.21









CamScanner

मतदाता जागरूकता - 9.9.21









CamScanner












CamScanner







CamScanner

मतदाता पंजीकरण - 01.11.21










CamScanner

संविधान दिवस - 26·11·21







मानवाधिकार दिवस 10/12/21











CamScanner

मतदाता जागरूकता रैली - 11.12.21












CamScanner

राष्ट्रीय युवा दिवस - 12.01.22









CamScanner

मतदाता जागरूकता दिवस - 25·01·22









CamScanner

रक्तदान शिविर - 05.03.22









CamScanner

आजादी का अमृत महोत्सव 22/03/22











CamScanner

REPORTS OF EXTENTION WORKS- 2020-21

# राष्ट्रीय सेवा योजना द्वारा आयोजित अन्य कार्यक्रम

## पौध रोपण दिवस दिनांक 05 जून, 2020

राष्ट्रीय सेवा योजना श्री मुरली मनोहर टाउन स्नातकोत्तर महाविद्यालय, बलिया के तत्वावधान में आयोजित वृक्षारोपण का कार्यक्रम का शुभारम्भ कालेज के प्राचार्य डॉ0 दिलीप कुमार श्रीवास्तव ने जयप्रकाश हाल के सामने नीम का पेड़ लगाकर किया। विश्वविद्यालय के कार्यक्रम संयोजक डॉ0 साहेब दूबे एवं इकाई प्रभारी डॉ0 सुजील वर्मा, डॉ0 अजय पाण्डेय, डॉ0 संजीत सिंह ने एक-एक फलदार वृक्ष लगाकर कार्यक्रम को आगे बढाया। स्वयंसेविकाओं, शिवानी मिश्रा, मुस्कान सिंह, सिंह तथा प्रिया कुमारी के द्वारा भी वृक्षारोपण किया गया। कालेज के जयप्रकाश हाल में उच्च शिक्षा एवं पर्यावरण की चुनौतियां पर एक उच्च स्तरीय गोष्ठी का आयोजन किया गया।

मुख्य अतिथि विश्वविद्याय के कार्यक्रम प्रभारी डॉ0 साहेब दूबे ने दीप जलाकर गोष्ठी का शुभारम्भ किया। उन्होंने छात्रों को पांच जून को विश्व पर्यावरण दिवस मनाने के सम्बन्ध में बताया। कालेज के प्राचार्य डॉ0 दिलीप श्रीवास्तव ने स्वयंसेवको को वृक्षारोपण के महत्व से अवगत कराया। अन्य वक्ताओं एवं स्वयसेवको ने अपने विचार व्यक्त किये।

इस अवसर पर डॉ0 सुजीत वर्मा, डॉ0 अशोक सिंह, डॉ0 संजीत सिंह, डॉ0 अनिल कुमार, डॉ0 विवेक सिह, डॉ0 धीरेन्द्र कुमार, डॉ0 अश्विनी वर्मा, अमित सिन्हा उपस्थित रहे। डॉ0 संजीत सिंह ने सबके प्रति धन्यवाद ज्ञापित किया।

## विश्व योग दिवस दिनांक 21 जून, 2020

राष्ट्रीय सेवा योजना श्री मुरली मनोहर टाउन स्नातकोत्तर महाविद्यालय, बलिया के तत्वावधान में पांचवे अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर जननायक चन्द्रशेखर विश्वविद्यालय के परिसर में विश्वविद्यालय तथा राष्ट्रीय सेवा योजना श्री मुरली मनोहर टाउन स्नातकोत्तर महाविद्यालय, बलिया द्वारा संयुक्त रूप से योग शिविर का आयोजन किया गया।योग गुरूओं द्वारा भारत सरकार के प्रोटोकाल के अनुसार विभिन्न प्रकार के आसन तथा प्रणायाम कराया गया। इनमें वज्रासन, मकरासन, मयूरासन, स्वागासन, श्वासन का अभ्यास कराया गया। आसन के पश्चात् प्रणायाम जैसे अनुलोम, तिलकपाल भारती आदि का अभ्यास कराया गया। योगाचार्यों ने स्वस्थ जीवन पद्धति में योग के महत्व को बताया।

CamScanner

**विश्व हाथ धुलाई दिवस दिनांक 15 अक्टूबर, 2020**

राष्ट्रीय सेवा योजना श्री मुरली मनोहर टाउन स्नातकोत्तर महाविद्यालय, बलिया के तत्वावधान मे बृहस्पतिवार को विश्व हाथ धुलाई दिवस के अवसर पर राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई ने कार्यक्रम आयोजित किया गया। प्राचार्य डॉ० दिलीप कुमार श्रीवास्तव ने उपस्थित लोगों को हाथ धुलाई करने की शपथ दिलाई इस दौरान कार्यक्रम अधिकारी डॉ० संजीत सिंह, डॉ० अनिल कुमार के देख-रेख स्वयंसेवकों में स्लोगन व निबन्ध प्रतियोगिता हुई। इसके विजेताओं को पुरस्कृत किया गया। इस मौके पर डॉ० ओ०पी० सिंह, डॉ० रामनरेश यादव, डॉ० धर्मेन्द्र सिंह, डॉ० बृजेश सिंह, डॉ० अशोक सिंह आदि थे।

**मिशन शक्ति दिनांक 21 अक्टूबर 2020**

राष्ट्रीय सेवा योजना श्री मुरली मनोहर टाउन स्नातकोत्तर महाविद्यालय, बलिया के तत्वावधान में बुधवार को मिशन शक्ति अभियान मे राष्ट्रीय सेवा योजना व एन०सी०सी० कैडेटों के संयुक्त तत्वावधान में महिला सशक्तिकरण विषय पर निबन्ध प्रतियोगिता हुई। जिसमें काफी संख्या में स्वयं सेविकाओं व एन०सी०सी० कैडेटों ने प्रतिभाग किया। उद्घाटन प्राचार्य डॉ० दिलीप कुमार श्रीवास्तव ने माँ सरस्वती के चित्र पर पुष्प अर्पित व दीप जलाकर किया। अपने संबोधन में प्रचार्य ने बताया कि हमे महिलाओं को सशक्त एवं स्वावलम्बी बनाने में अपना योगदान करना है। इसके तहत राष्ट्रीय सेवा योजना एवं राष्ट्रीय कैडेट कोर को महत्वपूर्ण भूमिका निर्वहन करना है। डॉ० बृजेश सिंह व डॉ० धर्मेन्द्र सिंह ने महिला सशक्तिकरण पर अपना विचार रखें। कार्यक्रम समाप्ति के बाद कुछ महिलाओं को आत्मरक्षार्थ कराटे आदि का प्रशिक्षण दिया गया। इस मौके पर डॉ० संजीत कुमार, डॉ० अशोक सिंह, डॉ० अखिलेश प्रसाद, अमित सिन्हा आदि थे। आभार डॉ० संजीत सिंह ने जताया।

**संविधान दिवस दिनांक 26 नवम्बर, 2020**

राष्ट्रीय सेवा योजना श्री मुरली मनोहर टाउन स्नातकोत्तर महाविद्यालय, बलिया के तत्वावधान में मंगलवार को संविधान दिवस का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारम्भ महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ० दिलीप कुमार श्रीवास्तव द्वारा मां सरस्वती एवं बाबा अम्बेडकर के तैलचित्रो पर माल्यार्पण से किया गया। डॉ० बृजेश सिंह, डॉ० अशोक सिंह, डॉ० रमाकान्त, डॉ० अमलदार निहार, डॉ० निशा सोनी, स्वयंसेवक व स्वयंसेविकाओं ने संविधान के बारे मे अपने विचार व्यक्त किये। इस अवसर पर डॉ० ओमप्रकाश सिंह, डॉ० अनिल सिंह, डॉ० मुकेश पाल, डॉ० रंजना, डॉ० अशोक श्रीवास्तव, डॉ०

CamScanner

अखिलेश प्रसाद, डॉ० अजय कुमार पाण्डेय, डॉ० राम तीरथ, डॉ० विमलेश मौर्य, डॉ० शिवनारायण यादव उपस्थित रहे।

### राष्ट्रीय युवा दिवस (स्वामी विवेकानन्द जयन्ती) दिनांक 12 जनवरी, 2021

राष्ट्रीय सेवा योजना श्री मुरली मनोहर टाउन स्नातकोत्तर महाविद्यालय, बलिया में स्वामी **विवेकानन्द जयन्ती** का कार्यक्रम आज दिनांक 12.01.2021 को राजेन्द्र प्रसाद सभागार में आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम का शुभारम्भ प्राचार्य डॉ० दिलीप कुमार श्रीवास्तव, डॉ० अमलदार निहार, डॉ० जमुना प्रसाद मिश्र एवं समस्त प्राध्यापकों ने मां सरस्वती एवं विवेकानन्द के व्यक्तित्व पर अपने विचार को रखा। डॉ० श्रीवास्तव ने सनातन धर्म एवं दर्शन विषय पर अपने विचारो को रखा। डॉ० अनिल कुमार ने कहा कि युवाओं को अपने कर्तव्यों के प्रति निष्ठावान होना होगा। डॉ० बृजेश कुमार सिंह ने कहा किय युवा अपने ऊर्जा को संजोकर अच्छे कर्म कर सकते है।

इस कार्यक्रम में महाविद्यालय परिवार के डॉ० अखिलेश राय, डॉ० आर०पी० सिंह, डॉ० बृजेश सिंह, डॉ० रमाकान्त सिंह, डॉ० ओमकार सिंह, डॉ० जैनेन्द्र पाण्डेय, डॉ० अवनीश चन्द्र पाण्डेय एवं अमित सिन्हा, शिवशंकर गणेश दत्त तिवारी आदि उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन डॉ० संजीत कुमार सिंह एवं आभार व्यक्त डॉ० विवेक सिंह एवं अनिल कुमार ने किया।

### मतदाता दिवस दिनांक 25 जनवरी, 2021

राष्ट्रीय सेवा योजना श्री मुरली मनोहर टाउन स्नातकोत्तर महाविद्यालय, बलिया के तत्वावधान में जिला खेल कार्यालय बलिया एवं जिला प्रशासन के संयुक्त तत्वावधान में राष्ट्रीय मतदाता दिवस पर मतदाता जागरूकता हेतु साइकिल यात्रा का आयोजन किया गया। साइकिल यात्रा ने नगर क्षेत्र का भ्रमण किया। यात्रा को जिलाधिकारी श्रीहरि प्रताप शाही ने हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया। यह कुंवर सिंह चौराहा, टाउन डिग्री कालेज चौराहा होते हुए धर्मशाला रोड, मालगोदाम रोड, स्टेशन रोड से होकर गुजरी तथा चित्तू पाण्डेय चौराहे पर सम्पन्न हुई। इस यात्रा का प्रमुख उद्देश्य सभी नागरिकों को मतदान के महत्व को बताना तथा लोकतंत्र के महापर्व पर मतदान में प्रतिभागिता के लिए जागरूक करना था। साइकिल यात्रा में एस०डी०एम० रसड़ा विपिन जैन, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी शिव नारायण सिंह, क्रीडा अधिकारी, स्टेडियम बलिया के समस्त प्रशिक्षकगण तथा टी०डी० कालेज के स्वयंसेवक/सेविका सहित कुल 108 युवक/युवतियों ने प्रतिभाग किया।

CamScanner

**रक्तदान शिविर का आयोजन दिनांक 09 फरवरी, 2021**

राष्ट्रीय सेवा योजना श्री मुरली मनोहर टाउन स्नातकोत्तर महाविद्यालय, बलिया के जे०पी० सभागार में राष्ट्रीय सेवा योजना के तत्वावधान में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का शुभारम्भ प्राचार्य डॉ० दिलीप श्रीवास्तव एवं राष्ट्रीय सेवा योजना विश्वविद्यालय समन्वयक डॉ० साहेब दूबे एवं जिला चिकित्सालय के चिकित्सक डॉ० रिखी लाल गुप्ता द्वारा माँ सरस्वती के प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य युवाओं में रक्तदान के प्रति फैली भ्रांतियों को दूर करना एवं उन्हें जन कल्याण हेतु प्रेरित करना बताया गया। कार्यक्रम छात्र/छात्राओं ने बढ़-चढ़कर सहभाग किया। देर शाम तग छात्र/छात्राओं द्वारा 60 यूनिट ब्लड दिया गया।

इस मौके पर डॉ० दयालानन्द राय, डॉ० धीरेन्द्र कुमार, डॉ० ब्रजेश सिंह आदि मौजूद रहे। सम्पूर्ण कार्यक्रम डॉ० संजीत सिंह एवं डॉ० अनिल कुमार के निर्देशन में सम्पन्न हुआ।

प्राचार्य
श्री मु०म०टा०पी०जी०कालेज
बलिया

कार्यक्रम अधिकारी
राष्ट्रीय सेवा योजना
श्री मु०म०टा०पी०जी०कालेज
बलिया

CamScanner

राष्ट्रीय एकता दिवस










CamScanner

पराक्रम दिवस









CamScanner

# विश्व हाथ धुलाई दिवस











CamScanner

मिशन शक्ति









CamScanner

# रक्तदान शिविर









REPORTS OF EXTENSION WORKS - 2019-20

# राष्ट्रीय सेवा योजना द्वारा आयोजित अन्य कार्यक्रम

## मतदाता जागरूकता रैली दिनांक 25.04.2019

